# जुन्नारदेव जनपद में प्रशासनिक तानाशाही : अध्यक्ष के पहुंचने से ठीक पहले सीईओ ने फहराया तिरंगा

## आनन-फानन में किया ध्वजारोहण, मेल से पत्र भेजकर जनपद अध्यक्ष ने प्रशासन को दर्ज कराई तीखी शिकायत

### कलेक्टर से निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 16 अगस्त, जनपद पंचायत जुन्नारदेव में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रशासनिक तानाशाही और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की सरेआम उपेक्षा का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। पंचायती राज व्यवस्था और शासकीय प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ाते हुए जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की गरिमा को तार-तार कर दिया।**

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष की मौके पर मौजूदगी और निर्वाचित अध्यक्ष के परिसर में पहुँचने से ठीक 1 मिनट पूर्व सीईओ द्वारा आनन-फानन में ध्वजारोहण कर दिया गया।इसी प्रकार नगर के विजय स्तंभ में भी जनपद अध्यक्ष की अध्यक्षता में किये जाने वाले कार्यकम में जनपद अध्यक्ष के आगमन के दौरान भी स्वागत प्रोटोकॉल का उल्लंघन होते देखा गया।



### पत्र क्रमांक 50 से खुलासा : महज 1 मिनट पहले जल्दबाजी में फहराया तिरंगा

घटना के तुरंत बाद 15 अगस्त 2026 को ही जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सविता अशोक भोसम् ने पत्र क्रमांक 50/ज.प./अध्यक्ष/2026 के माध्यम से मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन,जिला कलेक्टर छिंदवाड़ा, मुख्य सचिव भोपाल, आयुक्त जबलपुर संभाग और सीईओ जिला पंचायत को ईमेल के माध्यम से लिखित पत्र भेजकर पूरे मामले से अवगत कराया है।

#### पत्र में उल्लेखित मुख्य बिंदु

**प्रोटोकॉल का उल्लंघन :** सामान्य प्रशासन विभाग और पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग के नियमानुसार जनपद स्तर पर ध्वजारोहण का पहला अधिकार निर्वाचित अध्यक्ष का होता है। सीईओ केवल अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की अधिकृत अनुपस्थिति में ही ध्वजारोहण कर सकते हैं। मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग क्रमांक- एफ 5-5/2025/1/4 भोपाल, दिनांक 10/08/2026 में बिंदु क्रमांक 1.4 स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया था कि जनपद पंचायत कार्यालय में जनपद अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहन किया जायेगा

**1 मिनट पूर्व जल्दबाजी :** तय समय सारणी के अनुसार जब अध्यक्ष कार्यालय परिसर पहुँच रही थीं, उनके पहुँचने से ठीक 1 मिनट पहले ही सीईओ द्वारा जल्दबाजी में झंडा फहरा दिया गया।मौके के वीडियो में झंडा फहराने से पूर्व जनपद अध्यक्ष की गाड़ी खड़ी होते देखी जा रही है

**उपाध्यक्ष को भी दरकिनार किया :** झंडावंदन के समय मौके पर जनपद उपाध्यक्ष मौजूद थे, लेकिन उनकी उपस्थिति को भी पूरी तरह अनदेखा कर दिया गया अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उनसे झंडावंदन कराने के बजाय सीईओ द्वारा स्वयं झंडावंदन कर देने को आमजनता सीधे तौर पर जनप्रतिनिधियों के अपमान के रूप में देख रही है।

**पुरानी आदत :** 25 जुलाई (पत्र क्रमांक 47) को भी कलेक्टर से हुई थी शिकायत यह पहली बार नहीं है जब जनपद सीईओ की कार्यशैली पर सवाल उठे हैं। इससे पूर्व भी 25 जुलाई 2026 को जारी पत्र क्रमांक 47/ज.प./अध्यक्ष/2026 के जरिए कलेक्टर छिंदवाड़ा को सीईओ के अमर्यादित व्यवहार की शिकायत भेजी गई थी।

### पूर्व में भेजे गए पत्र के अनुसार

**1. निर्माण कार्यों व वित्तीय जानकारी से इनकार :** मनरेगा, 15वें वित्त आयोग, पंचम वित्त आयोग, विधायक व सांसद निधि के निर्माण कार्यों और सामग्री क्रय-विक्रय का हिसाब मांगने पर सीईओ द्वारा अब मैं क्या करूँ, आपको जैसा उचित लगे कर लीजिए जैसे गैर-जिम्मेदाराना जवाब दिए जाते रहे हैं।

**2. बैठकों से दूरी और फोन न उठाना :** अध्यक्ष के फोन कॉल्स का जवाब न देना, चर्चा से बचना और कार्यालय पहुँचने पर घंटों इंतजार कराकर बिना मिले निकल जाना सीईओ की कार्यशैली का हिस्सा बन चुका था।

**3. आदिवासी महिला जनप्रतिनिधि का अनादर :** अध्यक्ष ने स्पष्ट किया था कि एक आदिवासी महिला जनप्रतिनिधि के पद की गरिमा को ठेस पहुँचाना अमानवीय और प्रशासनिक दायित्वों के विपरीत है।

#### कड़े कदम उठाने की मांग

25 जुलाई के बाद 15 अगस्त को घटी इस घटना ने साबित कर दिया है कि प्रशासनिक स्तर पर जनप्रतिनिधियों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। जनपद अध्यक्ष श्रीमती सविता अशोक श्रीमती सविता अशोक भोसम् ने कलेक्टर छिंदवाड़ा से मांग की है कि

- संपूर्ण मामले की तत्काल निष्पक्ष जांच कराई जाए।
- शासकीय नियमों व प्रोटोकॉल की अवहेलना करने वाले संबंधित सीईओ के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।
- भविष्य में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के अधिकारों और सम्मान की सुरक्षा हेतु सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

#### इनका कहना है

जनपद सीईओ द्वारा प्रोटोकाल का उल्लंघन किया है आदिवासी क्षेत्र की जनपद अध्यक्ष के रूप में झंडा वंदन करने से रोककर मेरे अधिकारो का हनन किया गया है कलेक्टर महोदय को जांच कर कार्यवाही हेतु पत्र मेल के माध्यम से भेजा गया है

**सविता अशोक बोसम**
**अध्यक्ष जनपद पंचायत जुन्नारदेव**

# धनोरा में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा!

## हर घर तिरंगा अभियान के साथ गूंजे देशभक्ति के नारे, हुए सांस्कृतिक रंगारंग आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/धनोरा (जागीर), 16 अगस्त, भारतीय स्वतंत्रता की 80वीं वर्षगांठ का पावन पर्व धनोरा (जागीर) सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में अत्यंत हर्षोल्लास, उमंग और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। केंद्र सरकार के हर घर तिरंगा अभियान ने इस बार के स्वतंत्रता दिवस महोत्सव को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बना दिया।**

धनोरा सहित क्षेत्र में, हर वर्ग के नागरिकों ने राष्ट्रप्रेम की मिसाल पेश करते हुए अपने-अपने घरों, दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर गर्व से तिरंगा लहराया। स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर सैनिकों के अतुलनीय अविस्वरणीय योगदान को याद करते हुए प्रातः समयनुसार ध्वजारोहण किया गया ! धनोरा की सभी प्रमुख शैक्षणिक व प्रशासनिक संस्थाओं में निर्धारित समय पर पूर्ण सम्मान के साथ ध्वजारोहण किया गया तथा राष्ट्रगान का गायन हुआ पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा शासकीय कन्या व बालक माध्यमिक शाला, प्राथमिक शालाएं, कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, बालक-कन्या छात्रावास, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित, पुलिस चौकी, राजस्व विभाग कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा ग्राम पंचायत भवन में सहसम्मान तिरंगा फहराया गया।

# राज्य शिक्षा मंत्री का आभार किया व्यक्त

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 16 अगस्त, 15 अगस्त के अवसर पर छिंदवाड़ा जिले में पधारे कैबिनेट एवं राज्य शिक्षा मंत्री मंत्री राव उदय प्रताप सिंग को मध्यप्रदेश आई.सी.टी कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर संघ द्वारा लगभग 1953 शासकीय विद्यालयों में नवीन शिक्षा नीति के तहत एआई शिक्षा प्रारंभ करने पर आभार व्यक्त किया।**



साथ ही आउटसोर्स, संविदा नीति एवं लंबित मानदेय के लिए ज्ञापन दिया गया एवं चर्चा की गई, जिसमें मंत्री द्वारा आश्वस्त किया गया है कि समग्र शिक्षा के बजट एवं विभागीय प्रकिया को संज्ञान में लिया जावेगा साथ ही आईसीटी योजना को विभाग द्वारा ही संचालित रखने के लिए पुनः विचार किया जावेगा । इस अवसर पर मध्यप्रदेश आई सी टी इंस्ट्रक्टर संघ के जिला छिंदवाड़ा डिस्ट्रिक्ट रिप्रेजेंटेटिव दिनेश गिरारे और वैशाली पवार, प्रदेश उपाध्यक्ष विनय नागले, अभिषेक दौड़के, शैलेन्द्र सिंग राजपूत, अमित मस्तकर, दीपेंद्र सिंग ठाकुर, राहुल सर, दीपिका रहंगडाले, पटले मैम, अंकित सूर्यवंशी ने अपना सहयोग प्रदान किया।

## एक नजर में

### गौरीशंकर मंदिर में अखंड रामचरितमानस पाठ एवं रुद्राभिषेक



**छपारा।** नगर के बस स्टैंड के समीप स्थित गौरीशंकर मंदिर में श्रावण मास के अवसर पर धार्मिक आयोजनों का क्रम जारी है। मंदिर में पूरे श्रावण मास अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रत्येक रविवार एवं सोमवार को भगवान शिव का रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन-अनुष्ठान किया जा रहा है। वहीं मंदिर समिति एवं श्रद्धालुओं द्वारा राम नाम पत्रक लेखन का कार्य भी श्रद्धा भाव से किया जा रहा है। इस धार्मिक कार्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता कर रहे हैं। राम नाम लिखे गए पत्रकों को क्रमबद्ध रूप से चित्रकूट स्थित राम नाम बैंक में जमा कराया जा रहा है।

### बरघाट में 108 यूनिट रक्तदान

**सिवनी।** कलेक्टर नेहा मीना के मार्गदर्शन में 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सिवनी जिले में रक्तदान शिविर एवं जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। जिला चिकित्सालय सिवनी में संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियंका वर्मा की उपस्थिति में रक्तदान शिविर आयोजित कर अभियान की शुरुआत की गई।

# पशु चिकित्सालय में लेटलतीफी बरकरार

**गणेशगंज नवभारत। नवभारत द्वारा शासकीय पशु चिकित्सालय गणेशगंज में डॉक्टरों एवं स्टाफ की अनियमितता तथा निर्धारित समय पर चिकित्सालय नहीं खुलने का मामला प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बावजूद व्यवस्था में सुधार होता नजर नहीं आ रहा है। शुक्रवार को भी पशु मालिक चिकित्सालय के गेट के बाहर खड़े होकर डॉक्टरों के आने और ताला खुलने का इंतजार करते दिखाई दिए।**

### निर्धारित समय के बाद खुला चिकित्सालय

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को चिकित्सालय का गेट सुबह 9 बजकर 32 मिनट के आसपास खोला गया। इस दौरान पशु उपचार के लिए पहुंचे लोगों को काफी देर तक बाहर इंतजार करना पड़ा। चिकित्सालय खुलने में हो रही देरी का वीडियो बनाए जाने पर मौके पर मौजूद डॉक्टर कथित तौर पर नाराज हो गए। उनका कहना था कि आधा घंटा देरी से चिकित्सालय खुल भी गया तो क्या हुआ। इसके बाद डॉक्टर द्वारा रिपोर्टर का वीडियो बनाए जाने की बात भी सामने आई।

### खबर प्रकाशन के बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था

नव भारत फालोअप

### इलाज के लिए आने वाले पशु मालिक परेशान

ग्रामीण क्षेत्रों से अपने बीमार और घायल पशुओं को लेकर आने वाले पशु मालिकों का कहना है कि समय पर चिकित्सालय नहीं खुलने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार पशुओं की हालत गंभीर होने के कारण समय पर उपचार मिलना जरूरी होता है। इसके बावजूद यदि निर्धारित समय पर चिकित्सालय का संचालन नहीं हो रहा है तो जिम्मेदारी तय होना आवश्यक है। अब देखना यह है कि फॉलोअप के बाद विभागीय अधिकारी क्या कार्रवाई करते हैं या फिर पशु मालिकों को इसी तरह चिकित्सालय के गेट पर डॉक्टरों का इंतजार करना पड़ेगा।


समस्या | गणेशगंज में पशुपालकों की परेशानी बढ़ी, डॉक्टरों के समय पर नहीं पहुंचने का आरोप

निर्धारित समय पर नहीं खुल रहा शासकीय पशु चिकित्सालय

15 से 50 किमी दूर से आने की बात

जिम्मेदार अधिकारियों से कार्रवाई की मांग

पहले भी सामने आ चुके हैं ऐसे मामले

### नवभारत में खबर का किया गया था प्रकाशन

खबर प्रकाशन के बाद भी विभागीय कार्रवाई पर सवाल पिछले दिनों पशु मालिकों से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद नवभारत ने चिकित्सालय की व्यवस्थाओं और कर्मचारियों की कथित लेटलतीफी को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या विभागीय अधिकारियों द्वारा चिकित्सालय की समयबद्धता और कर्मचारियों की उपस्थिति की नियमित निगरानी की जा रही है?

### इनका कहना है



मैं आधा घंटा से अस्पताल के सामने अपनी मवेशी को लेकर खड़ा हूं परंतु गेट पर ताला लटका है और किसी का पता नही। जबकि अस्पताल में समय 9 बजे खुलने का लिखा गया है।

**इंद्रकुमार तिवारी, पशु मालिक गणेशगंज**



आधा घंटा ही लेट हुए हैं तो क्या हो गया , कुछ देर पशु मालिक इंतेजार नही कर सकते क्या। हमारा यही समय है।

**डॉ .करिश्मा ककोडिया ,सहायक सर्जन, पशु चिकित्सालय गणेशगंज**

# यूनियन चुनाव में नीरज जैन दूसरी बार भारी वोटो से जीते




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 16 अगस्त, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी संघ के अध्यक्ष पद हेतु रविवार को बैंक मुख्यालय में निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसमें नीरज जैन ने अपने प्रतिद्वंदी नरेंद्र राउत को 21 वोटो से हराकर विजय प्राप्त की।**

रविवार को बैंक मुख्यालय में सम्पन्न चुनाव में जिले भर से आए यूनियन सदस्यों ने मतदान किया कुल 87 वोटो में नीरज जैन को 54 वोट तथा नरेंद्र राउत को 33 वोट प्राप्त हुए। निर्वाचन के दौरान यूनियन के अन्य पदाधिकारी की घोषणा की गई जिसमें राकेश चौकसे (सचिव), मंगेश यमदे (उपाध्यक्ष), कैलाश साहू (उपाध्यक्ष), जिब्राइल खान (कोषाध्यक्ष), संतोष सनोडिया (सह सचिव) मनोनीत किया गया । गौरतलब है कि नीरज इसके पूर्व भी दो बार यूनियन अध्यक्ष रह चुके है।

# आखिरकार डिस्मेंटल की गई पानी की टंकी

**छपारा नवभारत।** नगर के शंकर मढ़िया के समीप स्थित पीएचई कार्यालय परिसर में लगभग 40 से 45 वर्ष पहले नगर की पेयजल आपूर्ति के लिए बनाई गई विशाल पानी की टंकी को रविवार 16 अगस्त को सुरक्षित रूप से डिस्मेंटल कर दिया गया। जर्जर हालत में पहुंच चुकी इस टंकी को करीब ढाई वर्ष पहले ही हटाने की मंजूरी मिल चुकी थी। वहीं स्थानीय प्रशासन ने टंकी को डिस्मेंटल करने के लिए इस तरह के कार्य में विशेषज्ञ टीम को बुलाया गया था। टीम ने करीब तीन दिनों तक कार्य करने के बाद रविवार दोपहर लगभग 2 बजे सावधानीपूर्वक टंकी को गिराया। कार्रवाई के दौरान नगर परिषद छपारा के उपयंत्री शिवराम इढ़पाचे सहित नगर परिषद का अमला मौके पर मौजूद रहा। सुरक्षा के मद्देनजर टंकी के आसपास के मार्गों पर बैरिकेडिंग कर आमजनों की आवाजाही रोक दी गई थी। साथ ही आसपास के रहवासियों एवं दुकान संचालकों को नोटिस जारी कर सुरक्षित दूरी बनाए रखने और प्रतिष्ठानों में सतर्कता बरतने की अपील की गई। ऐहतियात के तौर पर कार्रवाई के दौरान पूरे नगर की विद्युत आपूर्ति भी बंद रखी गई। प्रशासन एवं नगर परिषद की सतर्कता के चलते जर्जर हो चुकी विशाल पानी की टंकी को बिना किसी अप्रिय घटना के सुरक्षित रूप से डिस्मेंटल करने की कार्रवाई पूरी कर ली गई। वहीं विदित हो कि इस जर्जर हालत में पहुंच चुकी पानी की टंकी को डिस्मेंटल करने के लिए समाचार पत्रों में कई बार खबर प्रकाशन की गई थी जिसे संज्ञान में लेते हुए आखिर कार स्थानीय नगर परिषद ने कार्यवाही करते हुए इसको हटाया गया।



# चलते कंटेनर में लगी आग, धमाकों से सहमे राहगीर

**सिवनी नवभारत।** जिले से जबलपुर की ओर जा रहे कंटेनर राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर बंजारी घाटी के समीप भीषण आग की चपेट में आ गया। रविवार सुबह 8:30 बजे वाहन में आग भड़कते ही सूझबूझ दिखाते हुए चालक ने कंटेनर को तुरंत सड़क के किनारे रोका और नीचे कूदकर अपनी जिंदगी बचा ली। देखते ही देखते आग की विकराल लपटों ने पूरे मालवाहक वाहन को अपनी जद में ले लिया और चारों तरफ काला धुआं छा गया। इस अप्रत्याशित घटना से व्यस्त सड़क पर आवाजाही कर रहे यात्रियों और चालकों में अचानक अफरा-तफरी मच गई। मार्ग पर मौजूद लोग डरे सहमे नजर आए तथा उन्होंने तत्काल सुरक्षित फासला बना लिया ताकि कोई जनहानि न हो सके। यह हादसा अत्यंत चौंकाने वाला रहा।



घटना की खबर मिलते ही पुलिस दल और दमकल विभाग की राहत टीम तुरंत दुर्घटनास्थल पर पहुंची। अग्निशमन कर्मियों ने बिना देर किए लगातार पानी की बौछारें डालकर विकराल लपटों को शांत करने का सघन अभियान शुरू किया। काफी प्रयासों के पश्चात आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया और मार्ग से क्षतिग्रस्त गाड़ी को हटाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस हादसे में वाहन को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है। शुरुआती अनुमान के अनुसार इंजन में आई किसी आंतरिक तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट के कारण यह आग भड़की। पुलिस विभाग ने घटना दर्ज कर ली है और आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से जांच की जा रही है।

### धमाकों से सहमे राहगीर

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जलते हुए मालवाहक से एकाएक 2 जोरदार धमाकों जैसी आवाजें सुनाई पड़ीं। इन अप्रत्याशित धमाकों की गूंज से आसपास का इलाका दहल उठा और प्रत्यक्षदर्शी अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तुरंत पीछे की तरफ भागे। हादसे के वक्त गनीमत यह रही कि कंटेनर के ठीक अगल-बगल कोई अन्य दोपहिया या चारपहिया वाहन मौजूद नहीं था, जिससे बहुत बड़ी त्रासदी होने से बच गई। इस व्यस्त कॉरिडोर पर घटना को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्रित हो गए। जलते वाहन और राहगीरों के जमावड़े के कारण हाईवे की एक लेन पूरी तरह बंद हो गई, जिससे कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया और सैकड़ों मुसाफिर फंस गए।

**आयोजन** | जय घोष और देशभक्ति के नारो से गुंजायमान हुआ बरघाट, देशभक्ति का दिया संदेश

# बरघाट में सर्वसमाज ने निकाली ऐतिहासिक तिरंगा



**बरघाट नवभारत।** कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के द्वारा बरघाट में तिरंगा रैली का आयोजन 14 अगस्त को दोपहर दो बजे, राजा भोज चौक तहसील ऑफिस से शहीद बिंदु कुमरे स्मारक स्थल तक किया गया था, जिसमें बरघाट के सभी धर्म, जाति के लोगों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, साथ ही बड़ी संख्या में महिला वर्ग की घरेलू, कामकाजी व शासकीय सेवा में रहने वाली महिलाओं ने अपनी उर्जा पूर्ण उपस्थित प्रदान की, मगर पूरे तिरंगा यात्रा को जय घोष और देशभक्ति से नारो से गुंजायमान करने का काम विद्यार्थियों ने किया, जिन्होंने अपने मजबूत हाथों में लगभग 250 मीटर के तिरंगे को थाम कर पूरा नगर भ्रमण किया, ज्ञात हो कि यह तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बरघाट में अनुविभागीय अधिकारी प्रशांत उइके के मार्गदर्शन में सभी वर्गों, सभी दलों ,सभी समाजों को जोड़कर एकता के संदेश के साथ देशभक्ति के जज्बे को नई पीढ़ी से जोड़ने का संदेश भी लेकर प्रारंभ की गई थी।

इस तिरंगा यात्रा को संदीप मिश्रा द्वारा मंच संचालन के माध्यम से वातावरण को देशभक्तिमय कर दिया गया, जिससे बरघाट के मुख्य मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम के जय घोष से पूरा नगर गूंजता हुआ नजर आया, तिरंगा यात्रा का समापन कन्हीवाड़ा चौक में शहीद बिंदु कुमरे के स्मारक पर सभी अतिथियों द्वारा श्रद्धांजलि के साथ समाप्त हुआ, वहीं नए बस स्टैंड में कृषि विभाग व खाद बीज संघ द्वारा तिरंगा यात्रा में उपस्थित लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी, इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में क्षेत्रीय विधायक कमल मर्सकोले के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री श्रीमती ज्योति नरेश राजपूत, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इमरता साहू ,उपाध्यक्ष ममता पाठक, मंडल प्रभारी तुमेश बोपचे, मंडल अध्यक्ष हेमंत रंहागडाले ,विधायक प्रतिनिधि सुजीत सिंह सूर्यवंशी तहसीलदार पूजा राणा, केवल सिंह परते,नगर परिषद के पार्षद गण, एल्डरमैन , अधिकारी कर्मचारी सहित सभी दलों के पदाधिकारी गण, कार्यकर्ता बंधु,समाज सेवी संस्थाएं, अनेक शैक्षणिक संस्थाएं एवं भारी संख्या में गणमान्य नागरिक गण व मात् शक्तियों की उपस्थित रही।

# स्वतंत्रता दिवस पर ऑटो चालक संघ ने किया ध्वजारोहण

**छिंदवाड़ा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऑटो चालक संघ एवं संगठन के साथियों ने जिला न्यायालय के सामने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके बाद बस स्टैंड पर पार्षद शिवानी बंटी सक्सेना तथा अंबेडकर तिराहे पर रामकिशन पाल के नेतृत्व में ध्वजारोहण कार्यक्रम हुआ।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि 15 अगस्त केवल एक तारीख नहीं, बल्कि देश के संघर्ष, बलिदान और सपनों का प्रतीक है।



सभी ने न्याय, समानता, भाईचारे और भेदभाव मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

इस दौरान कार्यक्रम में शिवम पहाड़े, सीताराम सरेयाम, दिनेश इवनाती, मनीष मृदुलकर, बबलू कनोजे, गोवर्धन पाटसकर, पप्पू मंडरा, विजय मेहरा, संजय विश्वकर्मा, राजा गुन्हेरे, राजा अलोनकर, रामेंद्र ऊईके, सोनू खडसे, मो. यूनुस, शेख शहीद, अलीम खान, आशिक खान, नूर मोहम्मद, रशीद शेख, शकील खान, शाहबुद्दीन शाह, सगीर खान, एहफाज खान, इमरान खान, अब्बास मंसूरी, सलीम खान, सनकुमार खांतकर, अख्तर हुसैन, भारत, आशीष, सतीश, गुड्डू, राजेन्द्र, किशोर वंशकार, नीरज अहिरवार, अरुण डोले, अशोक यादववंशी एवं रामकिशन पाल सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।